


RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME

# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:96 | THURSDAY, DATE: 21-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

# फायर-अलर्ट : लुधियाना और दोराहा में दो बड़ी आगजनी

लुधियाना/यूटर्न/21 अप्रैल। एक तरफ भीषण गर्मी से लोग झुलसे जा रहे हैं तो वहीं आग का कहर भी बढ़ने लगा है। बुधवार रात से लेकर वीरवार तड़के लुधियाना और दोराहा में टैक्सटाइल व होजरी यूनिट्स में भीषण आग लगने की घटनाएं सामने आई। जिनमें करोड़ों का माल-मशीनरी स्वाहा होने के अलावा फैक्ट्रियों की इमारतें-शैड्स भी क्षतिग्रस्त हो गए।

## बहादुरके रोड पर होजरी मिल में आग से करोड़ों का कपड़ा-धागा हुआ खाक



लुधियाना। यहां बहादुरके रोड स्थित श्री भगवती हौजरी मिल्स में वीरवार तड़के करीबन 3.30 बजे भीषण आग लग गई। जिसके चलते करोड़ों का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार जब फैक्ट्री में आग लगी, उस वक्त संयोग से वहां कोई नहीं था। लिहाजा आग भड़कने के बाद उसने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही टैंडर मौके पर लेकर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालांकि आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से उठी चिंगारी के चलते यह हादसा हुआ होगा। फैक्ट्री में कपड़े बनाने की मशीनें लगी हुई थीं। लिहाजा वहां तैयार कपड़ों के बंडलों के अलावा बड़ी तादाद में धागे का स्टॉक भी रखा हुआ था। जो जलकर खाक हो गया, आग इतनी भीषण थी कि हादसे के कई घंटों बाद दोपहर तक सुलगती रही।

## कोर्सन स्पिनिंग मिल में भीषण आग के चलते भारी नुकसान, जानें बचीं



लुधियाना। नजदीकी दोराहा के इलाके स्थित कोर्सन कॉटन-स्पिनिंग मिल में वीरवार सुबह भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई। इस यूनिट के अंदर उस वक्त वर्कर काम कर रहे थे, जो किसी तरह अपना बचाव करते हुए फौरन बाहर निकल आए। दस टैंडरों के जरिए फायर ब्रिगेड के मुलाजिमों ने बामुश्किल विकराल हो चुकी आग पर काबू पाया। हालांकि आग बुझने तक भारी नुकसान हो चुका था। जिसका अभी सही आंकलन होना बाकी है। आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। हादसा बड़ा होने की वजह से खुद एसडीएम दीपजोत कौर मौके पर पहुंचीं। जबकि वहां दस फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मंगवाई गई थीं। चर्चा रही कि फैक्ट्री में आग बुझाने वाला कोई यंत्र नहीं रखे होने की वजह से स्थिति और बिगड़ी। एसडीएम के मुताबिक मामले की जांच कराई जाएगी। अगर फैक्ट्री मालिकों की ओर से लापरवाही बरती गई होगी तो फायर-ब्रिगेड की रिपोर्ट मिलने के बाद प्रशासनिक स्तर से जवाब-तलबी हो सकती है।

## बहादुरके रोड वाली इंडस्ट्री का ऑफर मान लेती सरकार तो उनकी ही मदद से वहां बन जाता फायर ब्रिगेड स्टेशन



लुधियाना। वाकई कर्ज का घी पीकर खुद्दारी दिखाने की सबसे बड़ी मिसाल पंजाब सरकार को कह सकते हैं। जिसने कई साल पहले एक सुनहरा ऑफर ठुकरा दिया था, वर्ना आज बहादुरके रोड पर वहां की इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की मदद से फायर ब्रिगेड स्टेशन बन गया होता। इस एसोसिएशन के प्रमुख व समाजसेवी तरुण जैन बावा ने ऐलान किया था कि कारोबारियों की तरफ से एक करोड़ रुपये सहयोग बतौर दिए जाएंगे। बाकी सरकार जमीन की मंजूरी दे तो यहां फायर स्टेशन खुल जाएगा। कारोबारी संकट की स्थिति में फायर ब्रिगेड कर्मियों के वेतन देने में भी सहयोग करने को तैयार हैं। हालांकि सरकार ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से नहीं लिया था। नतीजतन इस इलाके में भीषण आग लगने की स्थित में ट्रैफिक जाम, तंग सड़कों की वजह से फायर टैंडर देरी से पहुंच पाते हैं और तब तक करोड़ों रुपये का नुकसान हो जाता है।

## शिअद नेता के घर पर फायरिंग से दहशत

### खिड़की और शीशे में लगीं गोलियां हमलावर सीसीटीवी कैमरे में कैद



लुधियाना/यूटर्न/21 अप्रैल। शिरोमणि अकाली दल की किसान विंग के नेता परमिंदर सिंह के समराला कस्बे स्थित घर पर बुधवार देर रात कुछ अज्ञात बाइक सवारों ने फायरिंग कर दी। बचाव यह रहा कि रात के ग्यारह बजे का वक्त होने के कारण सब सो रहे थे। लिहाजा फायरिंग के दौरान किसी को गोली नहीं लगी। हालांकि यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। यहां काबिलेजिक्र है कि परमिंदर सिंह के रिश्तेदार माछीवाड़ा रोड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब के प्रधान भी हैं। लिहाजा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस हमलावरों की सरगर्मी से तलाश में जुटी थी। परमिंदर सिंह के मुताबिक बुधवार रात वह परिजनों के साथ सो रहे थे। तभी अचानक घर के बाहर गोलियां चलने की आवाज आई। परिवार पूरा दहशत के चलते बाहर नहीं निकला। हमलावरों ने दो फायर उनके घर पर किए। एक गोली घर की खिड़की पर लगी, जबकि दूसरे फायर से घर में लगा शीशा टूट गया।

## पब्लिक-प्लेस, भीड़-भाड़ में मास्क पहनें: डीसी



लुधियाना/यूटर्न/21 अप्रैल। एक बार फिर से कोरोना महामारी के बढ़ते खतरे को देखते हुए पंजाब सरकार के बाद अब जिला प्रशासन ने भी एडवाइजरी जारी कर लोगों को मास्क पहनने की नसीहत दी है। वीरवार को यह एडवाइजरी डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक ने जारी की। उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि मास्क जरुर पहनें। पब्लिक ट्रांसपोर्ट यानि बस, ट्रेन व टैक्सी के अलावा सिनेमा हाल, शापिंग माल्स, डिपार्टमेंटल स्टोर, दफ्तरों व इंडोर में होने वाले कार्यक्रमों में मास्क पहनना जरुरी रहेगा। फिर से कोरोना न फैल सके, लिहाजा सरकारी एडवाजरी का पालन किया जाए। यहां काबिलेजिक्र है कि पूरे पंजाब में फिलहाल कोरोना के 113 पाजिटिव केस आंकड़ों में दर्ज हैं। सबसे ज्यादा 22 मामले अकेले लुधियाना में ही हैं। बुधवार को भी पंजाब में 30 कोरोना के नए केस सामने आए थे। पाबंदियां हटने के बाद कमोबेश कोरोना संक्रमण खत्म होने के आसार बन गए थे। जबकि इस महीने एकाएक पूरे राज्य में औसतन रोजाना 25 से 30 नए केस आने से शासन-प्रशासन ने सभी एहतियाती कदम उठाने शुरु कर दिए हैं।

## आगजनी से होती बर्बादी

लुधियाना पंजाब का सबसे बड़ा शहर होने के साथ ही कई मायनों में देश-दुनिया में खास पहचान भी रखता है। इस महानगर में तमाम किस्म की इंडस्ट्री होने की वजह इसे देश का मैनचेस्टर भी कहा जाता है। जबकि यह देश में स्मार्ट सिटी के तौर पर पहचान कायम करने की दौड़ में भी शामिल है। ऐसे में इस महानगर में हजारों ऐसे इंडस्ट्रियल यूनिट लगे हैं, जिनमें करोड़ों रुपये की मशीनरी के अलावा कीमती प्रोडक्ट्स, कच्चे माल का स्टॉक आमतौर पर रहता है। दूसरी तरफ, हजारों की तादाद में ही ऐसी आलीशान कोठियां-फार्म हाउस भी यहां हैं, जिनकी लागत सैकड़ों करोड़ आई होगी। इन दोनों नजरिए से अगर यहां किसी बड़ी इंडस्ट्री या आलीशान कोठी में कभी आगजनी होती है तो नुकसान भी बड़ा ही होता है। तीसरा अहम पहलू है कि पुराने शहर के घनी आबादी वाले हिस्सों में ऐसी कई मार्केट हैं, जिनके आसपास पुराने दौर की इमारतें अब भी कायम हैं, जो हमारी धरोहर की तरह हैं। कई मौके ऐसे आए, जब आसपास आग लगने से ऐसी इमारतें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। इस सबके बावजूद, हर साल कई बड़ी आगजनी की घटनाएं होती हैं और अब गर्मियों में फिर यह सिलसिला चल रहा है, लेकिन इससे बचाव के इंतजामों में कोई सुधार नजर नहीं आता है। फायर ब्रिगेड महकमा खुद समस्याओं से जूझ रहा है। सरकार व स्थानीय प्रशासन से शहर-जिले की जनता यही आस रखती है कि फायर ब्रिगेड के अपग्रेडेशन की तरफ पहल के आधार पर ध्यान दिया जाए। वर्ना आगजनी से इस साल भी करोड़ों की संपत्ति फिर बर्बादी होगी, जिसे आधुनिक व्यवस्था के जरिए कम किया जा सकता है।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

## बदला मौसम भीषण गर्मी के दौरान बादल छाए, हल्की बारिश से राहत

### कुछ जगह बूंदाबांदी, ठंडी हवाएं चलीं

लुधियाना/यूटर्न/21 अप्रैल। महानगर और आसपास के इलाकों में वीरवार को सुबह से ही मौसम बदलने के कारण भीषण गर्मी से राहत मिली। पहले जगरांव और फिर लुधियाना के कुछ इलाकों में आसमान पर घने बादल छाने के साथ हल्की बारिश हुई। जिसके चलते तापमान में कल की तरह दोपहर के वक्त इजाफा नहीं हो सका। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं से राहत मिलने के कारण लोग भी बाजारों, सड़कों पर खूब नजर आए। यहां काबिलेजिक्र है कि झुलसा देने वाली गर्मी के कारण इन दिनों बाजारों व सड़कों पर दोपहर में सन्नाटे वाले हालात बन जाते थे।



कुदरती नजारा...लुधियाना में अचानक मौसम बदल जाने पर चंडीगढ़ रोड इलाके में बरसात वाला ही यह खूबसूरत मंजर देखने को मिला।
-फोटो: मुनीष वशिष्ठ

## रात 11 बजे के बाद मेशी ढाबा एक अन्य दुकान खुली थी, केस



दोनों के मालिक भी गिरफ्तार

लुधियाना/यूटर्न/21अप्रैल। पुलिस लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति सुधारने को भले ही अपराधियों पर तेजी से शिकंजा नहीं कसा, लेकिन कारोबारियों पर सख्ती बरतनी शुरु कर दी है। सरकारी आदेश के बावजूद देर रात 11 बजे के बाद दुकानें खोलने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों पर पर्चे दर्ज कर उनको गिरफ्तार भी किया। थाना डिवीजन 6 पुलिस ने गिल चौक में मेशी ढाबा के मालिक जतिन कालड़ा के खिलाफ कार्रवाई। आरोप है कि वह ढाबा खोल कर ग्राहकों को खाना खिलाने के सा पार्सल तैयार करके दे रहा था। उधर, थाना डिवीजन 7 की पुलिस ने समराला चौक स्थित कालू पान व कोल्ड ड्रिंक्स की दुकान पर दबिश देकर उसके मालिक संदीप को ऐसे ही आरोप में गिरफ्तार किया।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# आप विधायक बग्गा की दो-टूक नसीहत निगम कर्मी पूरी पारदर्शिता से काम करें

## नगर निगम अफसरों के साथ एमएलए ने डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स पर चर्चा की

नवीन गोगना

लुधियाना/यूटर्न/21 अप्रैल। आम आदमी पार्टी के उत्तरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक मदन लाल बग्गा ने नगर निगम जोन-ए मुख्यालय में अधिकारियों के साथ विभिन्न परियोजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर निगम कमिश्नर प्रदीप कुमार सभरवाल विशेष रुप से उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक बग्गा ने दोटूक कहा कि उन्होंने कहा कि नगर निगम का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी पर्दे के पीछे काम न करे, बल्कि सबको पता होना चाहिए कि कौन क्या काम कर रहा है। साथ ही हिदायत दी कि निगम के पास काफी मशीनरी है, लिहाजा



उनके निर्वाचन क्षेत्र में कोई भी समस्या प्राथमिकता के आधार पर हल की जाए। उन्होंने कहा कि शहर के रुके हुए विकास कार्यों को पूरा किया जाए। जो एस्टीमेट पास हो गए हैं, उन्हें चालू कर बाकी कार्यों का एस्टीमेट तैयार किया जाए। बाकी पार्कों की हालत में सुधार होना चाहिए। साथ ही दावा किया कि शहर की सड़कों और पार्कों को नया रूप दिया जाएगा और विकास कार्य युद्धस्तर पर पूरे किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि बुड्ढे नाले की सफाई के साथ ही सप्ताह में एक बार उसकी विजिट की जाए। उसके किनारों पर पौधों के साथ जाल भी लगवाएं। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि नगर निगम के कर्मचारी हर छोटे से छोटे काम के लिए खुद काम के लिए तैयार रहें ताकि उन्हें बार-बार पूछने की जरूरत न पड़े। वहीं बरसात के मौसम को देखते हुए कहा कि जहां कहीं सड़क का काम या अन्य काम होने हैं, उसे बारिश से पहले पूरा कर लिया जाए। इस अवसर पर डॉ.विपुल मल्होत्रा, चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर सुरिन्दर डोगरा सहित बाकी अफसर मौजूद रहे।

# गेहूं की बजाए आटा बांटने की स्कीम से भाजपा खफा

## आटा की क्वालिटी और स्टॉक में दिक्कत

लुधियाना / यूटर्न / 21 अप्रैल। पंजाब सरकार की स्कीम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को गेहूं की बजाए आटा देने की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विरोध दर्ज कराया है। इस मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवीण बंसल की अगुवाई में एक डेलीगेशन खुराक सप्लाई महकमे के जिला कंट्रोलर से मिला। उनको मेमोरेंडम सौंपकर



ऐतराज जताया गया कि गेहूं की जगह आटा देना इसलिए गलत होगा कि आटे में मिलावट का खतरा रहेगा साथ ही आटे का स्टॉक एक महीने से ज्यादा नहीं रखा जा सकता है। लिहाजा इस मामले में दिए जाने वाले इश्तेहार को लेकर फिर से विचार किया जाए। इस दौरान पूर्व कौंसलर इंदर अग्रवाल, भाजपा मंडल प्रधान गौरव अरोड़ा, सुमन वर्मा, जसपाल सिंह, बलराम दत्त, सचिन गुप्ता, राजकुमार राजू की खास मौजूदगी रही।

# पंजाब कराटे कोच गौरव सचदेवा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 में रेफरी चयनित

## खेलो इंडिया द्वारा 25 अंतराष्ट्रीय रेफरी में से पंजाब के पहले कराटे रेफरी बने

लुधियाना / यूटर्न / 21 अप्रैल। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स द्वारा बेंगलोर में 24 अप्रैल से 3 मई तक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कराटे प्रतियोगिता का शैड्यूल 30 अप्रैल से 3 मई तक होगा जिसमें 25 अंतराष्ट्रीय रेफरी में से पंजाब लुधियाना के सैन्सुई गौरव सचदेवा ब्लैक बेल्ट स्पोर्ट्सएंड कराटे एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया को रेफरी चुना गया है जोकि पुरे भारत से पंजाब के पहले रेफरी बने है। गौरव सचदेवा होने



वाली कराटे प्रतियोगिता में बतौर मुख्य रेफरी में अपनी जजमेंट देंगे। इस अवसर पर पंजाब के पहले रेफरी बनने पर हिमेश गोयल ने बुका देकर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया और कहा कि सैन्सुई गौरव ने पुरे पंजाब का नाम रोशन किया है और उन्हें इस बात का गर्व है और पंजाब सरकार से मांग करते है कि पुरे भारत में से सिर्फ उन्हें खेलो इंडिया द्वारा उन्हें रेफरी चुना गया है जिससे सररकार को उन्हें विशेष रूप से सम्मान देना चाहिए। इस अवसर पर गौरव सचदेवा ने कहा कि हमारी कड़ी मेहनत एक दिन अवश्य फल देती है और अपने मुकाम को हासिल करने तक हमको अपनी मेहनत जारी रखनी चाहिए तभी हम अपने लक्ष्य को पा सकते है।

# कोरोना को लेकर केवीएम में वर्चुअल मीटिंग





लुधियाना / यूटर्न / 21 अप्रैल। कुंदन विद्या मंदिर स्कूल में प्रोफेसर मिशेल जे. इंपीरियल द्वारा कोरोना संक्रमण के बारे में वर्चुअल मीटिंग के जरिए स्टूडेंट्स को जागरुक किया गया। यह सभा राय साहब लाला कुंदन लाल, कार्यकारिणी सभा के सदस्य राजन गुप्ता जी का मौलिक विचार था। अमेरिका के एक प्रख्यात वैज्ञानिक प्रोफेसर मिशेल मिशिगन विश्वविद्यालय से हैं। उन्होंने छात्रों को वैश्विक महामारी से संबंधित बहुत से तथ्य बताए तथा उन्हें इस महामारी के नए-नए रूपों से अवगत करवाया। साथ ही यह बताया कि यह कितना यह संक्रामक हो सकता है व इससे लड़ने की योग्यता कैसे प्राप्त की जा सकती है। यह सत्र वाकई में बहुत ही लाभकारी था व छात्रों को अपने प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर भी प्राप्त हुए।

# चंद्र कालड़ा, बॉबी मित्तल ने शिव सेना हिंदुस्तान में की घर वापसी



लुधियाना / यूटर्न / 21 अप्रैल। शिव सेना हिंदुस्तान की एक महत्वपूर्ण बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में लुधियाना सर्किट हाउस में हुई। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी पंजाब व राजस्थान कृष्ण शर्मा, हेमराज गोयल सलाहकार राष्ट्रीय अध्यक्ष,कार्यकारी पंजाब प्रधान संजीव देम, मनी कुमार उपाध्यक्ष पंजाब, देवेंद्र भगरिया जिला अध्यक्ष लुधियाना, गगन गगी जिला अध्यक्ष हिंदुस्तान व्यापार सेना लुधियाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को उस समय भारी सफलता मिली जब शिवसेना बाल ठाकरे के पूर्व वरिष्ठ नेता चंद्र कालड़ा, बॉबी मित्तल, संतोख सिंह सुख डैनी राम व्यास, योगेश बंसल, जितेंद्र कुमार, जगसीर सिंह अपने साथियों सहित शिव सेना हिंदुस्तान में शामिल हो गए।

# उप-कुलपति, पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ ने श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज की भारती को किया सम्मानित



लुधियाना / यूटर्न / 21 अप्रैल। श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज, लुधियाना के छात्रों ने पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ की ओर से आयोजित आठ दिवसीय यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग कैंप में उत्साह पूर्वक भाग लिया। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के यूथ वेलफेयर डिपार्टमेंट द्वारा 8 से 16 मार्च, 2022 तक आयोजित आठ दिवसीय कैंप का शीर्षक आजादी का अमृत महोत्सव रहा। इस शीर्षक के अंतर्गत कैंप में प्रतिदिन कल्चरल गतिविधियां, आजादी से जुड़े महानायकों और महिला सशक्तिकरण संबंधी विभिन्न वक्ताओं के प्रभावशाली विचारों से छात्राओं को रूबरू करवाया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग में लीडरशिप के गुणों को बढ़ावा देना रहा ताकि वह भविष्य में योग्य निर्देशन कर समाज की संरचना में अपना योगदान दे सकें। इस कैंप में पंजाब यूनिवर्सिटी के विभिन्न कालेजों के 85 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कालेज के 4 विद्यार्थियों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। परिणामानुसार डॉ निर्मल जौड़ा द्वारा कालेज की बी. काम तृतीय की छात्रा भारती को तृतीय बेस्ट कैंपर पुरस्कार एवं पोस्टर मेकिंग, कविता उच्चारण में प्रोत्साहन पुरस्कार के साथ नवाजा गया। कालेज के बी. काम तृतीय के छात्र नैंसी देवी, राघव पस्सी एवं अरषदीप सिंह को भी प्रोत्साहन पुरस्कार के साथ नवाजा गया। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के उप-कुलपति प्रोफेसर श्री राज कुमार ने श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज की भारती सहित कई विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# नाम्या जोशी को प्लेटिनम मेडल से सम्मानित किया गया



लुधियाना / यूटर्न / 21 अप्रैल। आये हो निभाने को जब, किरदार ज़मीं पर, कुछ ऐसा कर चलो कि ज़माना मिसाल दे। यही मिसाल दी है सत्यन नाम्या जोशी ने जिन्हें नवाज़ा गया है। सत पॉल मित्तल स्कूल के अभिनंदन समारोह में सत्यन नाम्या जोशी को प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में उनकी अनुकरणीय उपलब्धियां प्राप्त करने पर एवं उनके सराहनीय कार्यों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एसटीईएम में शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान और सेवा के लिए उन्हें प्लेटिनम मेडल से सम्मानित किया गया। इस समारोह में सत पॉल मित्तल स्कूल के अध्यक्ष, राकेश भारती मित्तल, उपाध्यक्ष, बिपिन गुप्ता, शासी परिषद के सदस्य, शैक्षणिक सलाहकार परिषद के सदस्य और नेहरू सिद्धांत केंद्र ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे। पर्व समारोह की शुरुआत भगवान गणेश के आशीर्वाद का आह्वान करते हुए एक नृत्य प्रदर्शन के साथ हुई। इसके बाद राकेश भारती मित्तल ने स्वागत भाषण दिया। राकेश भारती मित्तल ने नाम्या को उनकी उपलब्धियों और शिक्षा के शक्तिशाली शस्त्र के साथ दुनिया को बदलने के उनके दृष्टिकोण के प्रति समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने इस तथ्य पर जोर दिया कि नाम्या ने उम्र के मापदंडों के मिथक का भंडाफोड़ किया है कि एस.टी.ई.एम लड़कियां नहीं हो सकती हैं। नाम्या ऊर्जा और सशक्तिकरण की एक शक्ति हैं, उसने कई लोगों के लिए मार्ग का नेतृत्व किया है जो उसे देख सकते हैं और अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। वह क्या बनना चाहती है और कहाँ जाना चाहती है?, इस बारे में उनकी स्पष्ट दृष्टि छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए समान रूप से प्रेरणादायक है। उन्होंने आगे कहा कि स्कूल को उनकी प्रतिभा और प्रतिभा का पोषण करने पर गर्व है। उनका मानना था कि नाम्या ने साथी सत्यनस् के लिए मार्ग प्रशस्त किया है और उन्हें अपने उपक्रमों में सफलता सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए प्रेरित किया है।

## जन्मदिन मुबारक



नाइरा



निर्पजीत सिंह



मंदीप रिखी

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
T&C
belfrance
bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार फ्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्प्ले ₹500 - 3
M: 98142-95372

वीआईपी-नंबर के 'रसिया' बृज मोहन चंडीगढ़िया

# एक्टिवा 71 हजार की कीमत वाली वीआईपी नंबर खरीदा 15 लाख में






लुधियाना / यूटर्न / 21 अप्रैल। अगर कोई दिलवाला शख्स टू-व्हीलर महज 71 हजार रुपये में खरीदे और उसके वीआईपी या कहें कि फैंसी नंबर पर 15 लाख रुपये खर्च डाले तो अजीब ही लगेगा। पंजाब की राजधानी यानि सिटी ब्यूटीफुल में ऐसा ही खूबसूरत-फैसला 42 साल के बृज मोहन ने हाल ही में लिया। जानना दिलचस्प होगा कि चंडीगढ़ के बृज मोहन दूसरों को मशहूर करने वाले एडवरटाइजिंग के पेशे से जुड़े है। जिन्होंने 71,000 रुपये कीमत वाली होंडा एक्टिवा खरीदी थी। उसके बाद एक सरकारी नीलामी में फैंसी नंबर प्लेट की बहुत ऊंची बोली लगा डाली। नतीजतन उनकी एक्टिवा पर लगी नंबर प्लेट CH01-CJ-0001 के लिए 15.44 लाख रुपये का भुगतान किया गया।

**कार पर भी इस्तेमाल करेंगे :** बृज मोहन यह महंगी व्हीकल नंबर प्लेट हमेशा एक्टिवा स्कूटर पर ही नहीं लगाए रखना चाहते हैं। वह इसको अपनी कार के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं। यह भी जानना दिलचस्प होगा कि चंडीगढ़ लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने इस बार 378 नंबर प्लेट की नीलामी कर 1.5 करोड़ रुपये की कमाई कर ली। बताते है कि बृज मोहन के बाद दूसरी सबसे महंगी नीलामी से 5.4 लाख रुपये की राशि हासिल हुई। तीसरा सबसे ज्यादा राशि 4.4 लाख रुपये में नीलामी से मिली।

**दस साल पहले 26 लाख में बेचा था फैंसी नंबर :** चंडीगढ़ में ही 0001 नंबर प्लेट के लिए सबसे ज्यादा ऊंची बोली 2012 में लगी थी। जब एक वाहन मालिक ने इसे 26.05 लाख रुपये में खरीदा था। यह नंबर एस-क्लास मर्सिडीज बेंज) कार के लिए खरीदा गया था।

# अवार्ड कमेटी के सदस्य नियुक्त हुए उपकार आहूजा



लुधियाना / यूटर्न / 21 अप्रैल। माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज यानि एमएसएमई की ओर से क्वालिटी, प्रोडक्शन, एक्सपोर्ट, इनोवेशन, प्रोडक्ट एंड प्रोसेस डेवलपमेंट के लिए बेहतर काम कर रही कंपनियों को मंत्रालय के जरिए अवार्ड देकर सम्मानित किया जाता है। ऐसी बेहतर कार्य करने वाली कंपनियों का चुनाव करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में चेंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग यानि सीआईसीयू के प्रधान उपकार सिंह आहूजा को बतौर मेंबर मनोनीत किया गया है।

## भारत सरकार पर बढ़ेगा उर्वरक सब्सिडी का बोझ



नई दिल्ली / यूटर्न / 21 अप्रैल। क्रिसिल रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार, कच्चे माल की लागत और वैश्विक स्तर पर उर्वरकों की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि के कारण भारत सरकार का उर्वरक सब्सिडी बिल 1.05 लाख करोड़ रुपये के बजट के मुकाबले इस वित्त वर्ष में 1.65 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के करीब है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार स्थिति से निपटने में सक्रिय रही है। पिछले दो वित्त वर्षों में, सरकार ने 1.2 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया है और बजट में तय सब्सिडी में वृद्धि की है। हालांकि, कच्चे माल की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण इस वित्तीय वर्ष में सब्सिडी में एक और हस्तक्षेप की आवश्यकता हो सकती है। ऐसा नहीं करने पर इस वित्त वर्ष के अंत तक सब्सिडी का बकाया 75,000 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा। क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक नितेश जैन ने कहा कि 'सब्सिडी बकाया में 85 प्रतिशत से अधिक यूरिया सब्सिडी का बकाया हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पिछले वित्त वर्ष में पूल्ड गैस की कीमतों में 75 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई थी और रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण इस वित्त वर्ष भी ज्यादा तर समय के लिए कीमतों के उच्च रहने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा कि 'अभी यूरिया की खुदरा कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जिससे सरकार पर सब्सिडी का बोझ बढ़ गया है।

## टॉप-10 अरबपतियों की सूची में शामिल हुए अंबानी



नई दिल्ली / यूटर्न / 21 अप्रैल। दुनिया के शीर्ष अरबपतियों की सूची में गुरुवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों का भाव बढ़ने के कारण मुकेश अंबानी एक बार फिर से टॉप-10 की सूची में पहुंच गए हैं। बीते कुछ समय से रिलायंस के चेयरमैन 11वें पायदान पर थे, लेकिन अब उनकी नेटवर्थ 105.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई और वह उछलकर सीधे नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। 65 वर्षीय भारतीय उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के अलावा शीर्ष दस अरबबपतियों में अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी छठे पायदार पर अपनी दावेदारी बरकरार रखे हुए हैं। 5.4 अरब डॉलर के इजाफे के साथ मुकेश अंबानी ने नौवें नंबर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। यानी गौतम अडानी से वह मजह तीन पायदान नीचे हैं। गौतम अडानी की बात करें तो उनकी नेटवर्थ 2.7 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 122.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। मुकेश अंबानी की संपत्ति में जोरदार इजाफे की प्रमुख वजह रिलायंस के शेयरों की कीमत में तेज बढ़ोतरी होना है। गौरतलब है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर बीते पांच सत्रों में सात फीसदी से ज्यादा उछलकर नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। गुरुवार के शुरुआती सौदों में रिलायंस का शेयर भाव दो फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ 2,775 रुपये पर पहुंच गया। इस बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण भी बढ़ते हुए 18.7 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इस बीच बात करें दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की, तो उनकी संपत्ति में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। खबर लिखे जाने तक मस्क की नेटवर्थ में 12.1 अरब डॉलर की गिरावट आई और उनकी संपत्ति कम होकर 262.9 अरब डॉलर पर आ गई। इसके अलावा दूसरे सबसे अमीर अमेजन के जेफ बेजोस को भी नुकसान उठाना पड़ा है। बेजोर की नेटवर्थ 4.1 अरब डॉलर कम होकर 179.8 अरब डॉलर रह गई है। दुनिया के टॉप-10 अरबपतियों की ताजा सूची में बर्नार्ड अरनॉल्ट 169.2 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ तीसरे स्थान पर है, उनकी संपत्ति में 3.7 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

## फिर लौट रहा बिजली संकट, कई जगह घंटों बिजली कटौती




नई दिल्ली / यूटर्न / 21 अप्रैल। तेज गर्मी और कोयले की भारी कमी ने भारत में नया बिजली संकट पैदा कर दिया है। बिजली की मांग में बढ़ोतरी के कारण पंजाब, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों को बिजली कटौती करनी पड़ रही है। कुछ जगहों पर तो ये कटौती आठ घंटे तक है। ऐसे में लोगों के पास या तो तेज गर्मी सहने का विकल्प है या फिर दूसरे महंगे विकल्प चुनने पर मजबूर होना पड़ रहा है। भारत में 70% बिजली का उत्पादन कोयले से होता है, लेकिन कोयले के ट्रांसपोर्ट के लिए रेलवे रेक की उपलब्धता कम होने और कोयले के आयात में कमी के कारण सप्लाई बाधित हुई है। ऐसे में देश में बढ़ी बिजली की मांग पूरी नहीं हो पा रही है। कोरोना महामारी के कम होने के बाद इकोनॉमिक एक्टिविटीज के फिर से बढ़ने और देश में गर्मी के चरम पर पहुंचने के कारण डिमांड बढ़ी है।

देश के कई हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे मौसम विभाग ने लू की चेतावनी जारी की है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, देश की राजधानी नई दिल्ली में 20 अप्रैल को तापमान 108.7 डिग्री फारेनहाइट (42.6 डिग्री सेल्सियस) दर्ज किया गया, जो पांच वर्षों में सबसे गर्म दिन है। मार्च में नेशनल ऐवरेज रिकॉर्ड 92 डिग्री तक पहुंच गया, जो 1901 के बाद सबसे ज्यादा है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि, 19 अप्रैल को बिजली उत्पादकों के पास जो स्टॉक था जो औसतन आठ दिनों तक चल सकता था। इस महीने के फर्स्ट हाफ में उत्पादन में 27% की बढ़ोतरी के बावजूद, राज्य के स्वामित्व वाली कोल इंडिया लिमिटेड डिमांड को पूरा नहीं कर पा रही है। कोल इंडिया एशिया की कुछ सबसे बड़ी कोयला खदानों को ऑपरेट करती है।

## एयरटेल की ने की अपील, 5जी स्पेक्ट्रम शुल्क कम रखे सरकार





नई दिल्ली / यूटर्न / 21 अप्रैल। देश की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी ने केंद्र सरकार से अपील की गई है कि 5जी स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए उच्च शुल्क नहीं लिया जाए, बल्कि इसे कम रखा जाए। चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि देश में तेजी से इस नेटवर्क को फैलाने के लिए ये जरूरी है और सरकार को अगली पीढ़ी के दूरसंचार नेटवर्क के काम को तेजी शुरू करना चाहिए। सुनील भारती मित्तल ने कहा कि 5जी नेटवर्क महत्वपूर्ण है और इसलिए हम सरकार से अनुरोध करते रहते हैं कि देश में इसे सही से रोलआउट करने के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन कम कीमत पर किया जाए। उन्होंने तर्क दिया कि स्पेक्ट्रम अधिग्रहण पर पैसा लगाने के बजाय, सेवा प्रदाता नेटवर्क के तेजी से रोलआउट में निवेश कर सकते हैं, जो कि इसे कम समय में विस्तार में अहम भूमिका निभाएगा। इससे उद्योग पर अधिक दबाव नहीं पड़ेगा। गौरतलब है कि दूरसंचार कंपनियां पहले भी स्पेक्ट्रम के लिए ऊंची आरक्षित कीमतों पर अपनी शिकायत दर्ज करा चुकी हैं। इसके अलावा एयरटेल के चेयरमैन ने क्रिप्टोकरेंसी को लेकर भी अपनी राय रखी और निजी व अनियमित डिजिटल एसेट को एक गंभीर समस्या करार दिया है।

वाकई यही होता है एक गुरु का कर्तव्य-धर्म

# घर में जगह की कमी थी तो रांची के टीचर मनोज ने रोड पर ही बना दिया गार्डन









लुधियाना / यूटर्न / 21 अप्रैल। बहुत से लोग अपने पेश की गरिमा को बढ़ाने वाले तारीफे-काबिल काम करते हैं, ऐसा ही कुछ झारखंड के रांची में रहने वाले मनोज रंजन पेशे से टीचर है। उनको हमेशा से पेड़-पौधों यानि गार्डनिंग का शौक रहा है। हरमू की हाउसिंग कॉलोनी के पास रहनेवाले मनोज के घर में पौधे लगाने के लिए बिल्कुल जगह नहीं थी। इसके बावजूद कहा जाता है कि जहां चाह, वहां राह। लिहाजा मनोज ने अपने शौक को पूरा करने के लिए, वह जिस भी स्कूल में पढ़ाते, वहां पौधे उगाते रहते थे। घर पर गार्डन बनाने की उनकी चाहत करीब पांच साल पहले पूरी हुई, जब उन्हें अपने घर के बाहर रोड साइड गार्डन बनाने का ख्याल आया। उनके मुताबिक पहले हम गांव में रहते थे तो मेरे पिता के साथ मैंने भी कई पौधे लगाए हैं। हालांकि नौकरी के सिलसिले में उनका परिवार रांची आ गया और घर में पौधे लगाने की ज्यादा जगह नहीं थी। घर के बाहर जिस जगह में आज गार्डन है, वहां पहले लोग कचरा फेंकते थे। आज वहां लोग रुककर सेल्फी लेते हैं। रोड साइड गार्डन बनाना मनोज और उनके परिवार के लिए बिल्कुल भी आसान काम नहीं था। पहले तो, वे जो भी पौधे लगाते थे, लोग उसे तोड़कर ले जाते थे। परेशान होने के बजाय वे और पौधे लगाते रहे। पौधे लगाने के लिए गमले चुनते समय उन्होंने खास ध्यान रखा। यहां गमलों के लिए उन्होंने सिर्फ घर के कबाड़ का इस्तेमाल ही किया है, ताकि अगर कोई लेकर भी जाए तो उन्हें अफ़सोस न हो। धीरे-धीरे जब पौधों की संख्या बढ़ने लगी तो लोगों ने भी इसे अपना प्यार देना शुरू कर दिया। आसपास के लोग भी उन्हें पौधे और कटिंग लाकर देने लगे। यहां केवल 10 बाइ 4 की जगह ही है, लेकिन इतनी सी जगह में ही मनोज और उनके परिवार ने 200 से ज्यादा पौधे लगा लिए। दरअसल यहां पहले से एक बड़ा पेड़ लगा हुआ था, इसलिए ज्यादा धूप भी नहीं आती थी। उन्होंने इस गार्डन में ऐसे पौधे ही लगाए हैं, जिन्हें ज्यादा तेज धूप की जरूरत न पड़े। उन्होंने यहां कुछ मौसमी फूल और सजावटी पौधे ज्यादा लगाए हैं। लोग यहां से फूल न तोड़ें, इसलिए मनोज ने ऐसे पौधे लगाए ही नहीं हैं, जो धार्मिक कामों में इस्तेमाल होते हों। वह अपनी माँ और पत्नी को भी फूल तोड़ने नहीं देते हैं, ताकि गार्डन की खूबसूरती बनी रहे। भले ही यह गार्डन उनके घर में नहीं है, लेकिन इसे सजाने में उन्होंने कोई कमी नहीं रखी है। गार्डन सजाने में उनकी दोनों बेटियां-अनन्या और मनीषा दुबे भी पूरी रुचि दिखाती हैं। उन्होंने रंग-बिरंगी ईंटें और गमलों से इस जगह की खूबसूरती काफी बढ़ा दी है। घर की हर बेकार चीजों को सजाकर, उन्होंने इसमें पौधे उगाए हैं। यहां आपको तेल के डिब्बे, टायर, हेलमेट और कई बेकार चीजों में पौधे उगे दिख जाएंगे। उनके इस गार्डन से प्रेरणा लेकर, अब आसपास के कई लोगों ने भी अपने घर के बाहर पौधे उगाना शुरू किए हैं। कुछ लोग तो बिना काम के ही इस रास्ते से गुजरते हैं, ताकि एक बार उनका गार्डन देख सकें।



लुधियाना / यूटर्न / 21 अप्रैल। ड्राइव-वेदर...लुधियाना में भी वीरवार को मौसम सुहावना होने पर बहुत से लोग लॉन्ग-ड्राइव के लिए निकल पड़े, इस दौरान मॉल रोड के साथ फव्वारा चौक का नजारा। -फोटो: विशाल ढल्ल

# कुहाड़ा गोल्डन टेक्सटाइल में आग लगने से करोड़ों का नुकसान

लुधियाना/ यूटर्न / 21 अप्रैल। बुधवार देर रात कुहाड़ा स्थित गोल्डन टेक्सटाइल कंपनी में आग लगने से करोड़ों रूपये के नुकसान होने की सूचना है। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात को लगभग 9 बजे शॉर्ट सर्किट से फैक्ट्री में आग लग गई। इस दौरान कंपनी में शिफ्ट चल रही थी।

कंपनी के अधिकारियों के अनुसार आग बुझाने के लिए समराला, लुधियाना एंव कुहाड़ा से फायर ब्रिगेड की सहायता मिली। आग के चलते कंपनी का धागा व मशीनरी जलने से करोड़ों रूपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है। हालांकि अच्छी बात यह है कि वर्किंग शिफ्ट के दौरान आग लगने के बावजूद किसी प्रकार के जान-माल की कोई हानि नहीं हुई। वहीं आग लगने के दौरान फैक्ट्री में 20-25 लोग कार्यरत थे। अधिकारियों के अनुसार फैक्ट्री को बनाए 10से बारह साल ही हुए थे। आग लगने की जानकारी संबंधित विभागों को दी जा चुकी है।







# मुख्यमंत्री मान ने दी श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के प्रकाश पर्व की बधाई

## लोगों को 9वें सिख गुरू के शाश्वत संदेश पर चलने के लिए कहा





नवीन गोगना

चंडीगढ़ / यूटर्न / 21 अप्रैल। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरूवार को सिखों के नौवें गुरू श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के प्रकाश पर्व के मौके पर लोगों को बधाई दी। इस पवित्र मौके पर भगवंत मान नजदीकी ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नाभा साहिब में नतमस्तक हुए, जहाँ श्री गुरु तेग़ बहादुर जी का पवित्र शीश उनके धर्मनिष्ठ सेवक सिख बाबा जीवन सिंह जी (भाई जैता जी) लेकर आए थे, इस स्थान पर उनको श्री आनन्दपुर साहिब की ओर जाते समय गुरू साहिब के एक बुज़ुर्ग श्रद्धालु मुसलमान संत फ़कीर दरगाही शाह ने रुकने के लिए विनती की थी। इससे पहले अपने रिकार्ड किये वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने लोगों को 'हिंद की चादर' द्वारा दिए सर्वव्यापी भाईचारे, धार्मिक आज़ादी, सरबत के भले और मानवता की चढ़दीकला(भलाई) के शाश्वत संदेश पर चलने का न्योता दिया। श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी के जीवन और फलसफे पर रौशनी डालते हुये भगवंत मान ने कहा कि बचपन से लेकर शहीदी प्राप्त करने तक मानवता और धार्मिक सहणशीलता की ख़ातिर गुरू जी का अतुल्य बलिदान रहती दुनिया तक प्रेरणा स्त्रोत बना रहेगा। लोगों को श्री गुरु तेग़ बहादुर जी की शिक्षाओं पर सही मायनों में चलने की अपील करते हुये भगवंत मान ने कहा कि नौवें गुरू जी के संदेश का सार प्यार, धर्म निरपेक्षता, धार्मिक आज़ादी और शांतमयी सह-अस्तित्व था, जो आज के समय में भी प्रासंगिक है।



# चिकागो पिज्जा ने लुधियाना में खोला अपना पहला आउटलेट




लुधियाना / यूटर्न / 21 अप्रैल। अगर आप भी पिज़्ज़ा खाने के शौकीन है तो यह ख़बर आपके लिए खास होने वाली है। बता दे कि विशाल मेगा मार्किट, चंडीगढ़ रोड के पास चिकागो पिज़्ज़ा ने लुधियाना में अपनी पहली बार अपना आउटलेट खोला है। आपको बता दे कि यह इस गारंटी के साथ मार्किट में आये है कि इनसे बड़े और तेज की कोई और सुविधाये नही दे सकता। इसका उद्घाटन हल्का पूर्वी के विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने किया।

इस मौके अशोक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, लखविंदर सिंह, प्रिंसिपल इंदरजीत कौर, मनजीत सिंह अन्य मौजूद रहे।

# डीसी सुरभि मलिक ने प्राइवेट अस्पताल को टीकाकरण में ओवर चार्ज करने पर नोटिस भेजा

लुधियाना/ यूटर्न / 21 अप्रैल। केंद्र सरकार ने लोगों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण मुहिम चला रखी है। सरकार ने स्पष्ट शब्दों में कह रखा है कि यदि कोई प्राइवेट अस्पताल कोविड-19 पीड़ित मरीज के इलाज या टीकाकरण में ओवर चार्जिंग करता पकड़ा गया तो बख्शा नहीं जाएगा। ओवर चार्जिंग के मामले में पंजाब के लुधियाना की डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक ने एक प्राइवेट अस्पताल को टीकाकरण में ओवर चार्ज करने पर नोटिस जारी किया है। कोविड-19 टीकाकरण में अधिक शुल्क लेने की शिकायत के बाद जिला प्रशासन लुधियाना द्वारा एक निजी अस्पताल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। शहर के एक निवासी ने ट्वीट के जरिए इस मामले को डीसी सुरभि मलिक के संज्ञान में लाया था, जिसके बाद कारण बताओ नोटिस जारी किया गया ।डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक ने बताया कि एक निवासी ने ट्वीट किया था कि एक निजी अस्पताल कोवीशील्ड की खुराक के लिए 780 रुपए और कोवैक्सिन के लिए 1200 रुपए वसूल रहा है। उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित कोवीशील्ड और कोवैक्सिन दोनों की दर 225 रुपए प्रति खुराक और सेवा शुल्क के रूप में 150 रुपए है।



कोवीशील्ड के 780 और कोवैक्सिन के 1200 रुपए वसूल रहा था निजी अस्पताल

# पुलिस ने खुले दरबार लगाकर किया 250 पुराने केसों का निपटारा



लुधियाना/ यूटर्न / 21 अप्रैल। पंजाब सरकार द्वारा आम जनता की सुविधा के लिए पुराने पेंडिंग मामलों के निपटारे के लिए खुले दरबार लगाकर 250 पुराने केसों का निपटारा मौके पर किया गया। डीजीपी पंजाब पुलिस के निर्देश पर एसएसपी पुलिस जिला लुधियाना देहाती दीपक हिलोरी के मार्गदर्शन में जिला लुधियाना (ग्रामीण) में रुपिदर कौर सरां एसपी स्पेशल ब्रांच ने टीम सहित जिला लुधियाना (ग्रामीण) में आवेदनों के निपटारे के लिए विशेष राहत कैप आयोजित किया। इसमें सब डवीजन जगराओं के पुलिस लाइन, दाखा के डा. बीआर आंबेडकर भवन, डीएसपी कार्यालय रायकोट में यह कैंप लगाए गए। इनमें लोगों के बैठने की अच्छी व्यवस्था और चाय-पानी की व्यवस्था की गई। इस विशेष शिविर के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस मौके पर वैवाहिक संबंधी आवेदन, भू-संपत्ति, मनी लांड्रिंग और अन्य विवादों से जुड़े करीब 250 आवेदन मौके पर निपटाए गए। एसएसपी दीपक हिलोरी ने लोगों को सरकार की ऐसी सुविधाओं का लाभ लेना चाहिए और छोटे मोटे झगड़े और आपसी मतभेद भुलाकर प्यार और सद्भावना बनाए रखना चाहिए। उन्होने कहा कि लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने के लिए आने वाले समय में इस तरह के कैंप लगाए जाएंगे।

# क्वींस लेडीज क्लब की ओर से पंजाबी बैसाखी इवेंट का हुआ आयोजन







लुधियाना/ यूटर्न / 21 अप्रैल। लुधियाना के क्वींस लेडीज क्लब की ओर से पंजाबी बैसाखी इवेंट का आयोजन किया। जिसमें शुरुआत में मेंबर्स के लिए एक गेम तंबोला खेली गई। इसके बाद क्लब की एग्जिक्यूटिव टीम ने फुलकारी, अश्के गीतों पर डांस परफार्मेंस दी। इसके बाद भंगड़ा व गिद्दा परफार्मेंस थी। विभिन्न बोलियों पर मेंबर्स ने गिद्दा पेश किया। मेंबर्स ने पंजाबी कल्चरल को दर्शाती पक्खी, फुलकारी हाथों में पकड़े रखी। फन गेम्स भी देखने को मिली जैसे रिंग गेम, बकेट गेम, गन शूट गेम आदि खेली गई। प्रेसिडेंट मीना अरोड़ा ने कहा कि उनका क्लब समय-समय पर ऐसी गतिविधियों का आयोजन करता है जिससे मेंबर्स का मनोरंजन तो होता ही है, साथ में वह अपने कल्चर से भी जुड़ी रहे। इस मौके पर डायरेक्टर दलजीत भाटिया, वाइस प्रेसिडेंट जैसमीन गिल, सुरजीत ओबेरॉय, रीता ओबेरॉय अंजू ओबेरॉय, चरणप्रीत, परमिंदर, आदि मौजूद रहे। -फोटो: विशाल ढल्ल

# 'बिजली की रानी हवा हवाई' ईवेंट में महिलाओं ने दिखाए फैशन के जलवे



लुधियाना / यूटर्न / 21 अप्रैल। लुधियाना के कृष फैशन क्लब की तरफ से इवेंट 'बिजली की रानी हवा हवाई' का आयोजन किया गया। इसके लिए ड्रेस कोड वन पीस गाउन और क्रॉप टॉप स्कर्ट रखा गया। प्रॉप के रूप में जैपनीज फैन रखा। इस इवेंट में मॉडलिंग, तंबोला, डांस, डीजे, गेम्स और फन एक्टीविटीज देखने को मिली। कृष फैशन क्लब की डायरेक्टर निशु सेठ ने बताया कि इस इवेंट में मेंबर्स थीम के अनुसार पहुंचे हमने वेलकम ड्रिंक से सभी का स्वागत किया । इसके साथ ही कई तरह के प्राइज भी दिए गए। एंकरिंग जसनूर धवन ने की। *-फोटोः विशाल ढल्ल*

## कूड़ा-करकट और पत्तों में आग लगाने वालों के खिलाफ निगम के स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्रवाई की

### सफाई के साथ-साथ कूड़ा-कचरा और पत्तों में आग लगाने वालों के हो रहे चालानः डॉ. पूनमप्रीत कौर

लुधियाना/ यूटर्न / 21 अप्रैल। लुधियाना शहर की गलियों और खाली प्लाटों में कूड़ा-करकट और पेड़ों के पत्ते जलाने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने सख्त तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार नगर आयुक्त श्री प्रदीप कुमार सभरवाल द्वारा जारी निर्देश के तहत नगर निगम जोन सी की जोनल कमिश्नर डॉ. पूनमप्रीत कौर ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। अंचल की स्वास्थ्य शाखा जहां उन्होंने सीएसआई राजिंदर कुमार



सहित स्वच्छता निरीक्षकों को स्वास्थ्य शाखा के सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करने का भी निर्देश दिया. जोनल कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि विभिन्न सड़कों और क्षेत्रों में सफाई कर्मियों को आगजनी करने वालों पर नजर रखनी चाहिए और जो लोग कचरा या पेड़ के पत्ते जलाते हुए पकड़े गए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए. उन संस्थाओं/व्यक्तियों के चालान कर नियमों के अनुसार वसूल किए जाने चाहिए। पिछले महीने बड़े पैमाने पर लगी आग के लिए एटीआई कॉलेज का चालान किया गया था। बैठक में सीएसआई राजिंदर कुमार, एसआई गुरविंदर सिंह सेखों, एसआई अमनदीप सिंह गिल, एसआई कमलजीत सिंह, एसआई जगजीत सिंह, एसआई कुलविंदर सिंह के अलावा स्वास्थ्य शाखा के कर्मचारी मौजूद थे।

## नशा तस्करी करने वाले परिवार का मुखिया हेरोइन और ड्रग मनी सहित हुआ गिरफ्तार

लुधियाना/ यूटर्न / 21 अप्रैल। कमिश्नरेट के अंतर्गत थाना डिवीजन दो की पुलिस ने इलाके से एक कुख्यात नशा तस्कर को दबोच कब्जे से 60 ग्राम हेरोइन एंव 15 हज़ार ड्रग मनी बरामद करने में सफलता हासिल की है। जिस संबंध में जानकारी देते थाना प्रभारी एसएचओ आकाश दत्त ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपी की पहचान मोहल्ला हबीबगंज अमरपुरा के रहने वाले गुरपाल के रूप में है। जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को बीते दिन गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते उनकी पुलिस पार्टी ने क्षेत्र के अंतर्गत से काबू कर कब्जे से ड्रग मनी व हेरोइन बरामद की। बाद अगली कार्रवाई करते पूछताछ में सामने



आया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी चार नशा तस्करी के मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। यही नहीं आरोपी के परिवार में उसकी पत्नी व बेटे पर भी नशा तस्करी के मामले है। आरोपी की पत्नी नीलम उर्फ माया पर तीन नशा तस्करी के तीन मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। जब्कि उसके लड़के जय जोदिया पर एक नशा तस्करी का मामला 8 दिन पहले ही डिविजन 2 में दर्ज किया गया है।

## पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में पुरस्कार देकर विजेताओं को किया सम्मानित

लुधियाना/ यूटर्न / 21 अप्रैल। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) में चले टैलेंट हारवेस्ट हेरीटेज फेस्टिवल के



विजेताओं की घोषणा कर दी गई। सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट्स और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पंजाबी कवि डा. सुरजीत पातर कार्यक्रम में विशेष मेहमान पहुंचे थे और उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किए। पगड़ी बांधने में जसप्रीत सिह ने पहला, दया सिंह ने दूसरा तथा कुलजीतपाल सिंह ने तीसरा स्थान पाया। परांदा गुंधना में महकप्रीत कौर ने पहला, नवप्रीत कौर ने दूसरा तथा प्रभजोत कौर ने तीसरा स्थान पाया। पक्खी बुनना में गुरसिमरन कौर ने पहला स्थान हासिल किया। इसी तरह फुलकारी मेकिग में जगजीत कौर ने पहला, इंद्रजोत कौर ने दूसरा जसवीर कौर और हिताशा सैनी ने तीसरा स्थान पाया। मेहंदी प्रतियोगिता में अभिति ने पहला, नवदीप कौर ने दूसरा और राधिका मित्तल ने तीसरा स्थान पाया।

## महिला ने पैट्रोल छिड़ककर आत्महत्या का किया प्रयास

लुधियाना/ यूटर्न / 21 अप्रैल। लुधियाना के कमिश्नर दफ्तर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक महिला ने खुद पर पैट्रोल छिड़ककर आत्महत्या का प्रयास किया। वहीं वहां मौजूद लोगों ने तुरंत महिला को ऐसा करने से रोका। पीड़िता के पति ने थाना मेहरबान पुलिस पर धक्केशाही के आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि दूसरी पार्टी के साथ लड़ाई झगड़े में पुलिस साठ-



गाठ से उन पर पर्चा दर्ज करने का दबाव बना रही है। इसी परेशानी के चलते बुधवार को कमिश्नर दफ्तर में इंसाफ की गुहार लेकर आए थे लेकिन कमिश्नर साहिब किसी मीटिंग में व्यस्त थे जिस कारण महिला ने खुद को आग लगाने का सोचा। फिलहाल महिला को अस्पताल में पहुंचाया गया है।

## पंजाब के डीजीपी बने राजनीतिक कठपुतलीः अश्वनी शर्मा

### फैली अराजकता को लेकर अश्वनी शर्मा ने अमित शाह को लिखा पत्र

चंडीगढ़ / यूटर्न / 21 अप्रैल। पंजाब में फैली अराजकता, हत्याओं, लूट-पाट और पुलिस द्वारा की राजनीति से प्रेरित झूठे मामले दर्ज किए जाने तथा डीजीपी पंजाब द्वारा अपना फर्ज निभाने में की



जा रही कोताही तथा मुख्यमंत्री पंजाब की कठपुतली बन कर कार्य करने को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर इन सारे घटनाक्रमों से अवगत करवाया है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को लिखे गए पत्र में अश्वनी शर्मा ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद पंजाब पुलिस का पूरी तरह से राजनीतिकरण हो गया है। पिछले एक महीने में पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि अपराधियों को पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है। अपराधियों द्वारा सरेआम दिन-दिहाड़े 30 से ज्यादा कत्ल किए जा चुके हैं, जिनमें से अंतराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी भी शामिल हैं। यहाँ तक कि राजनीतिक नेताओं के पर भी सरेआम अपरधियों द्वारा जानलेवा हमले किए जा रहे हैं। पुलिस पंजाब के हालात सुधरने की बजाए राजनीतिक बदलाखोरी में लग गई है।

## खबर जरा हटके

# कोई आपके आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल तो नहीं कर रहा


आधार कार्ड एक जरूरी दस्तावेज है। सरकारी योजना का लाभ लेने से लेकर बच्चे के एडमिशन तक के लिए आधार नंबर मांगा जाता है। आधार कार्ड में आपके नाम, पता और फोन नंबर से लेकर फिंगरप्रिंट तक की जानकारियां रहती हैं। अगर आपको ये डर सता रहा कि कहीं आपके आधार का कोई गलत इस्तेमाल कर रहा है तो आप खुद घर बैठे इसे चेक कर सकते हैं। यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ऑफिशियल साइट पर आप




ऑनलाइन घर बैठे ये चेक कर सकते हैं कि आपके आधार नंबर का कब और कहां इस्तेमाल हुआ है। इसके लिए आपसे कोई चार्ज भी नहीं लिया जाता है।

1. सबसे पहले आधार की वेबसाइट या इस लिंक uidai.gov.in पर जाना होगा।
2. यहां Aadhaar Services के नीचे की तरफ Aadhaar Authentication History का ऑप्शन मिलेगा, इस पर क्लिक करें।
3. यहां आपको आधार नंबर और दिखाई दे रहे सिक्योरिटी कोड को डालकर Send OTP पर क्लिक करना होगा।
4. इसके बाद आधार से लिंक रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर वैरिफिकेशन के लिए एक OTP आएगा, यह OTP डालकर Submit पर क्लिक करें।
5. इसके बाद आपको ऑथेंटिकेशन टाइप और डेट रेंज और OTP समेत मांगी गई सभी जानकारियां भरनी होगी। (नोट- आप 6 महीने तक का डेटा देख सकते हैं।)
6. Verify OTP पर क्लिक करते ही आपके सामने लिस्ट आ जाएगी, जिसमें पिछले 6 महीनों में आधार का इस्तेमाल कब और कहां हुआ इसकी जानकारी होगी।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति



साभार



साभार

# बुलडोजर के जरिये कानून-व्यवस्था को सुधारना कितने हद तक सही है?



उत्तर प्रदेश की तर्ज पर देश के कई अन्य राज्यों में भी अवैध संपत्तियों पर जिस तरह बुलडोजर चल रहे हैं उसके विरोध में आवाजें उठने लगी हैं। सवाल उठाया जा रहा है कि किसी की दुकान या मकान को गिराने का सरकार को किसने अधिकार दिया? संपादक ने इस सवाल के जवाब में कहा कि यह सवाल उठाने वालों से पूछा जाना चाहिए कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के मन में खौफ पैदा किया जाना चाहिए या नहीं? अवैध संपत्तियों या बिना मंजूरी के बनाई गई इमारतों के खिलाफ कार्रवाई नई बात नहीं है इसलिए इस पर विवाद खड़ा करने से बचना चाहिए।

रामनवमी के जुलूस के दौरान पथराव और आगजनी की घटना के बाद प्रशासन ने खरगोन में कर्फ्यू लगा दिया और फिर शिवराज सरकार ने सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। जिसके परिणाम स्वरूप खरगोन में हिंसा के आरोपितों की दुकानें और मकान बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिए गए। उत्तर प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ ने बाबा बुलडोजर के नाम पर काफी लोकप्रियता हासिल की। जिसका असर मध्य प्रदेश में भी दिखाई दिया और बाबा बुलडोजर की तर्ज पर चुनावों से पहले मामा बुलडोजर भी तैयार हो चुके हैं।

मामा बुलडोजर ने अंबेडकर जयंती के मौके पर भोपाल में एक बात स्पष्ट कर दी थी कि हम अपराधियों को छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने कहा था कि आप सारे त्यौहार धूमधाम उत्साह के साथ भाईचारे के साथ मनाया हनुमान जयंती, गुड फ्राइडे, ईद सभी प्रेम के साथ मनाएं। सरकार सबके साथ है। जिनके घर जले हैं, हम उनके घर फिर से बनवाएंगे और जिन्होंने घर जलाए हैं उनसे ही वसूली की जाएगी। उनको छोड़ूंगा नहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज ने दिग्विजय सिंह पर निशाना साधा था। इससे जुड़े सवाल पर प्रभासाक्षी के संपादक ने बताया कि नेताओं को अपने बयान देने से पहले सोचना चाहिए। क्योंकि वो भी पहले इन्हीं पदों पर रह चुके हैं। लेकिन दिग्विजय सिंह तो कई बार ऐसी गलती कर चुके हैं और फिर गलती सामने आने के बाद ट्वीट को डिलीट कर देते हैं।

दूसरी ओर पंजाब सरकार ने चुनावी वादा पूरा करते हुए 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का ऐलान कर दिया है। संपादक ने कहा कि पहले ही कर्ज के बोझ से दबे पंजाब के खजाने पर यह नया भार है।

वाकई बड़ी विकट स्थिति है कि एक के बाद एक राज्य सरकारें मुफ्त सुविधाएं प्रदान करने के वादे पर आगे बढ़ रही हैं। अब समय आ गया है कि राज्यों को वित्तीय संकट से बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ही कुछ करे क्योंकि निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव के पहले या बाद में तोहफे की पेशकश करना या बांटना संबद्ध पार्टी का नीतिगत मामला है। आपको बता दें कि पड़ोसी देश श्रीलंका और नेपाल आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं और हमारे देश के कई राज्यों के ऊपर भी भारी कर्जा है। ऐसे में राज्यों को लोकलुभावन वादें करने और मुफ्त की योजनाओं पर थोड़ा लगाम लगाने की जरूरत है। वरना पड़ोसी देश के हालात से तो सभी वाकिफ हैं ही कि क्या कुछ झेलना पड़ सकता है।

# छोटे-छोटे किचन हैक्स बना सकते हैं आपके काम को आसान



खाना बनाना भी एक कला है। अगर आप भी खाना बनाना सीख रही हैं या आपको भी खाना बनाना मुश्किल लगता है तो घबराइए मत। खाना बनाने के लिए बस थोड़े धीरज और ध्यान देने की जरूरत होती है। आज हम आपके साथ कुछ ऐसी किचन टिप्स एंड ट्रिक्स शेयर करने जा रहे हैं जिनकी मदद से आप भी कुछ ही दिनों में किचन क्वीन बन जाएंगी। आइए जानते हैं इन आसान लेकिन बेहद उपयोगी किचन टिप्स के बारे में - अगर सुबह ऑफिस जाने के लिए जल्दी रहती है और लहसुन छीलने का टाइम नहीं होता है तो लहसुन की कलियों को रात भर या दो से तीन घंटों के लिए पानी में भिगोकर रखें। ऐसा करने से लहसुन छीलने में दिक्क्त नहीं होगी। अगर चावल बनाते समय पानी ज्यादा हो गया है तो इसे गैस पर रखकर एक पीस ब्रेड डाल दें। मिनट बाद ब्रेड के पीस को पलट दें और गैस बंद कर दें। ब्रेड के बीज को कुछ मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद ब्रेड के पीस को चावल के बर्तन से बाहर निकाल लें। अगर दाल बनाते समय दाल का पानी कुकर से बाहर आने लगता है तो यह ट्रिक अपनाएं। दाल बनाते समय कुकर में दाल के साथ एक स्टील की छोटी कटोरी ही रख दें। इससे कुकर में जब सीटी आएगी तो स्टीम के साथ दाल का पानी बाहर नहीं निकलेगा। सब्जी में मिठास कम करने के लिए आप उसमें टमाटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे सब्जी स्वादिष्ट भी बनेगी और उसकी मिठास भी कम हो जाएगी। अक्सर आलू ज्यादा दिनों तक स्टोर करके रखने से अंकुरित होने लगती है यह सड़ने लगते हैं। आलू को खराब होने से बचाने के लिए उसे हमेशा सेब के साथ रखें। कभी भी आलू को कभी भी प्याज के साथ नहीं रखना चाहिए क्योंकि इससे आलू जल्दी अंकुरित होने लगती है। अगर किचन की कैंची की धार कम हो गई है तो कैची को नमक के डिब्बे में 2 से 3 मिनट के लिए चला लें। ऐसा करने से कैंची की धार तेज हो जाएगी और आपको नई कैंची लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अक्सर बरसात के मौसम में चावल या आटे में कीड़े पड़ जाते हैं। इससे बचने के लिए चावल के आटे के डिब्बे में कुछ नीम के पत्ते डालकर रख दें। ऐसा करने से उनमें कीड़े नहीं पड़ेंगे। अक्सर अरबी छीलने से हाथ चिपचिपे और खराब हो जाते हैं तो अरबी छीलने से पहले अपने हाथों में सरसों का तेल लगा लें। अब अरबी पर नमक छिड़क दें। ऐसा करने से अरबी छीलते वक्त हाथों में खुजली नहीं होगी और हाथ खराब भी नहीं होंगे। अगर आप बैंगन का भरता या कोई सब्जी बनाने के लिए सब्जी को बर्नर के ऊपर रोस्ट करने जा रही हैं तो सबसे को सीधे गैस पर रखने से पहले उस पर थोड़ा सा तेल लगा लें। ऐसा करने से गैस बर्नर खराब नहीं होगा और सबसे का छिलका भी आसानी से निकल जाएगा।

# दिल्ली के पास मौजूद हैं ये बेहतरीन वॉटर पार्क्स



गर्मियाँ शुरू हो गई हैं। ऐसे में ज़्यादातर लोग किसी ठंडी जगह पर जाना पसंद करते हैं। अगर आप भी अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं लेकिन सिर्फ एक दिन की छुट्टी है तो कहीं दूर जाने की बजाय दिल्ली के आसपास ही घूमने जा सकते हैं। दिल्ली के पास कई मशहूर वॉटर पार्क्स हैं जहाँ आप वीकेंड पर अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के साथ मस्ती कर सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको दिल्ली के पास बने 8 बेहतरीन वॉटर पार्क्स के बारे में बताने जा रहे हैं -

### फन एंड फूड विलेज वॉटर पार्क

फन एंड फूड विलेज वॉटर पार्क दिल्ली और आसपास के लोगों की फेवरेट वीकेंड डेस्टिनेशन है। यह दिल्ली का सबसे मशहूर और पुराना एम्यूजमेंट पार्क है। यह वॉटर पार्क दिल्ली और हरियाणा की सीमा के पास कापसहेड़ा में बना हुआ है। इस वॉटर पार्क की खासियत यह है कि यहाँ भारत का सबसे बड़ा स्नो पार्क है। आप यहां 20 से भी अधिक का लुत्फ़ उठा सकते हैं। इस वॉटर पार्क में कपल्स की एंट्री पर कम पैसे लगते हैं, यही वजह है की कपल्स के बीच काफी लोकप्रय है।

### ऑयस्टर्स बीच वॉटर पार्क

गुरुग्राम के हुड्डा सिटी सेंटर के नजदीक स्थित ऑयस्टर्स बीच पार्क दिल्ली/एनसीआर के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस वॉटर पार्क में आके आपको ऐसा लगेगा मानो आप सचमुच किसी बीच पर घूमने आए हों। गुडगांव के अप्पू घर में स्थित यह वॉटर पार्क लगभग 10 एकड़ जमीन में फैला हुआ है। यहाँ आप 15 बेहतरीन वॉटर राइड्स का लुत्फ़ उठा सकते हैं। यहाँ आप वॉटर राइड्स के साथ-साथ लजीज़ खाने का मज़ा भी ले सकते हैं।

### जस्ट चिल वॉटर पार्क

जस्ट चिल वॉटर पार्क के बारे में कहा जाता है कि यहां का पानी बहुत साफ सुथरा है। यहां स्लाइड्स के दौरान उठने वाली पानी की तरंगे राइड्स में रोमांच भरती है। यह दिल्ली की जीटी करनाल मेन रोड में स्थित जीटीबी मेमोरियल के नजदीक है। यहां जाने के लिए आप कैब का प्रयोग कर सकते हैं।

# रोहित और बुमराह विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर से सम्मानित




मुंबई / यूटर्नः भारत के कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सहित 5 क्रिकेटरों को विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर घोषित किया गया है। विजडन के एडिटर लॉरेंस बूथ ने पांचों नामों की घोषणा की। रोहित और बुमराह के अलावा न्यूजीलैंड के डेवॉन कॉन्वे , इंग्लैंड को ओली रॉबिन्सन और साउथ अफ्रीका महिला टीम की डेन वैन नेकेर्क को भी इस सूची में शामिल किया गया है। बुमराह को विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए उनके इंग्लैंड दौरे में शानदार प्रदर्शन के लिए शामिल किया है। बूथ का मानना है कि दूसरे टेस्ट में भारत को जीत बुमराह की वजह से ही मिली। वहीं उनका मानना है कि अगर बारिश नहीं होती, तो मैच ड्रॉ नहीं होता और भारत को जीत अवश्य मिलती। इस टेस्ट में बुमराह ने दोनों पारियों में 9 विकेट लिए थे। बुमराह ने इस दौरे पर 4 मैचों में 18 विकेट लिए। उन्होंने नॉटिंघम में पहली पारी में 46 रन देकर 4 विकेट लिए थे, जबकि दूसरी पारी में 64 रन देकर 5 विकेट लिए। हालंकि, यह मैच ड्रॉ रहा। वहीं लॉड्र्स में खेले गए दूसरे टेस्ट में टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। दूसरी पारी में 33 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके अलावा नाबाद 34 रन की पारी भी खेली। तीसरे में उन्होंने पहली पारी में 59 रन देकर 2 विकेट लिए। इस मैच में भारत को एक पारी और 76 रन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं चौथे टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में 21 रन देकर 2 विकेट और दूसरी पारी में 27 रन देकर 2 विकेट लिए।

## रोहित भी इंग्लैंड दौरे पर नजर नए रूप में

बूथ ने रोहित की बल्लेबाजी की तारीफ की और कहा कि इंग्लैंड दौरे पर भारत को 4 टेस्ट में 2-1 की बढ़त में रोहित का भी बल्ले से महत्वूपर्ण योगदान रहा। रोहित ने पहले मैच में 36 और 12 रन बनाए थे। वहीं दूसरे टेस्ट में 83 और 21 रन और तीसरे टेस्ट में 19 और 59 रन बनाए। वहीं चौथे मैच में पहली पारी में 11 रन और दूसरी पारी में 127 रन बनाए।

## कॉन्वे ने डेब्यू मैच में लगाई डबल सेंचुरी

डेवॉन कॉन्वे ने टेस्ट मैचों में अपने डेब्यू पर दोहरा शतक लगाया था और न्यूजीलैंड को टॉप पर पहुंचाने में अहम रोल निभाया है। दक्षिणी अफ्रीकी ऑलराउंडर डेन वेन ने द हंड्रेड के पहले सीजन में ओवल की टीम को जीत दिलाने में अहम रोल निभाया था। बूथ का मानना है कि द हंड्रेड़ इंग्लैंड की महिला क्रिकेट के चेहरे को बदलने वाली लीग है।

# अवनीत कौर ने कराया 'हॉट' फोटोशूट

अलादीन नाम तो सुना होगा में यासमीन की भूमिका निभाने वाली अवनीत कौर ने अपनी हालिया बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें ग्रीन कलर की वन पीस थाई हाई ड्रेस पहने देखा जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने कई ज्वेलरी भी पहन रखी है। उन्होंने मेकअप कर रखा है। उन्होंने लिपस्टिक लगा रखी है।

उनके बाल खुले हुए हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए अवनीत कौर ने लिखा है, 'हे व्हाट्सअप।' इसके अलावा उन्होंने दिल और आग की इमोजी भी शेयर की है। तस्वीरों में अवनीत कौर काफी खूबसूरत लग रही है। अवनीत कौर ने तस्वीरें खबर लिखे जाने तक 48 मिनट पहले शेयर की है, जिसे 48 मिनट में सवा लाख के करीब लाइक्स मिल चुके हैं। वहीं इसपर अट्ठारह सौ के करीब कमेंट किए जा चुके हैं। कई लोगों ने इसपर दिल और आग की इमोजी भी शेयर की है।

वहीं कई लोगों ने लुकिंग स्टनिंग, ब्यूटीफुल और ऑसम जैसे कमेंट किए है। अवनीत कौर टीवी एक्ट्रेस है। वह कई टेलीविजन शो में नजर आ चुकी है। उनकी भूमिकाएं काफी पसंद की गई है। हाल ही में अवनीत कौर ने अपनी हालिया बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की थी। इसमें उन्हें ब्लैक कलर का क्रॉप टॉप और ब्लू कलर की डेनिम पहने बोल्ड अंदाज में फोटोशूट कराते देखा जा सकता है। उन्होंने कुल चार तस्वीरें शेयर की थी। पहली तस्वीर में वह आगे की ओर झुकी हुई नजर आ रही है और वो कैमरे की ओर देख रही है। वहीं दूसरी फोटो में वह अलग अंदाज में बोल्ड पोज दे रही हैं। अवनीत कौर की सोशल मीडिया पर बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर उनके 30 मिलीयन फॉलोअर्स हैं। इसके चलते उनकी पोस्ट बड़ी तेजी से वायरल होती है।





# 'मेरी क्रिसमस' के सेट से लीक हुईं कटरीना कैफ की तस्वीरें

पिछले साल के अंत में शादी करने के बाद नई नवेली दुल्हनिया कटरीना कैफ कुछ दिनों पहले अपने सीक्रेट हनीमून से वापस आई हैं। अब कटरीना कैफ अपने काम पर लौट गई हैं। इन दिनों वह अपनी फिल्म मेरी क्रिसमस की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में वह पहली बार साउथ के सुपरस्टार विजय सेतुपति के साथ स्कीन शेयर करती नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर फैंस भी काफी उत्साहित हैं और फिल्म से जुड़े अपडेट को लेकर प्रतीक्षा कर रहे हैं।


तस्वीरों में क्या है ? इस बीच कटरीना कैफ की तस्वीरें तमिल अभिनेत्री राधिका सरथकुमार के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। ये तस्वीरें फिल्म 'मैरी क्रिसमस' के सेट की बताई जा रही हैं। इन तस्वीरों में कटरीना लाल और सफेद रंग की ड्रेस में नजर आ रही हैं। वहीं राधिका सरथकुमार पुलिस वाली की भूमिका में दिख रही हैं।

विजय सेतुपति भी आएंगे नजर

25 दिसंबर को कटरीना ने विजय सेतुपति, निर्देशक श्रीराम राघवन और कई अन्य लोगों के साथ एक तस्वीर शेयर करके फिल्म के बारे में जानकारी दी थी। अभिनेत्री ने लिखा- नई शुरुआत...मेरी क्रिसमस के लिए निर्देशक श्रीराम राघवन के साथ सेट पर वापसी।

# बेटे के जन्म के बाद काजल ने शेयर की पहली पोस्ट

सिंघम एक्ट्रेस काजल अग्रवाल ने स्वीट लिटिल बॉय को जन्म दिया। माता-पिता बनने के इस खुशी की आधिकारिक घोषणा करते हुए गौतम किचलू ने अपने बेटे का क्या नाम रखा है वह भी सोशल मीडिया के जरिए शेयर किया। अब खुद काजल अग्रवाल ने मां बनने के बाद पहला पोस्ट किया है। उन्होंने अपने न्यू बॉर्न बेबी नील किचलू के लिए एक बेहद भावुक करने वाला पोस्ट शेयर लिया। जिसमें काजल अग्रवाल ने प्रेग्नेंसी प्रोसेस से लेकर उनके बेटे के जन्म तक उन्हें क्या महसूस हुआ सभी भावनाओं को एक खूबसूरत तस्वीर के साथ शेयर किया। इस तस्वीर में काजल अग्रवाल ने गोल्डन रंग की ड्रेस पहनी हुई है और उनका बेबी बंप नजर आ रहा है। तस्वीर में काजल अग्रवाल ने बड़े ही प्यार से मुस्कुराते हुए अपने बेबी बंप पर हाथ रखा हुआ है। सिंघम एक्ट्रेस की यह तस्वीर बेहद ही खूबसूरत है। इस तस्वीर को शेयर करने के साथ ही काजल ने कैप्शन में एक लम्बा चौड़ा पोस्ट किया और अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए लिखा, 'इस दुनिया में अपने बेटे नील का स्वागत करके मैं बेहद ही खुश हूं।



यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA
वीरवार 21 अप्रैल 2022

खुद बोलती तस्वीर



बैंगलुरु के आर्टिस्ट नवीन एस. ने यह पेंसिल-पोट्रेट साउथ के कलाकारों किच्चा सुदीप और राम्या का बनाया है।

# जहांगीरपुरी पहुंचे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को पीड़ितों से मिले बिना पुलिस ने वापस भेजा



नई दिल्ली / यूटर्नः दिल्ली के जहांगीरपुरी से अतिक्रमण हटाने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही अगली सुनवाई अब दो हफ्ते बाद फिर की जाएगी। मामले में कोर्ट ने एनडीएमसी और दिल्ली पुलिस को भी नोटिस जारी किया है। बता दें कि सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने जब कहा कि मामले से कई राष्ट्रीय महत्व के सवाल खड़े हो गए हैं तो कोर्ट ने फटकार लगा दी। जज ने कहा कि आप केस पर बात कीजिए। वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने कहा कि यह मामला संवैधानिक और राष्ट्रीय महत्व के कई प्रश्न खड़े करता है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि एक इलाके के बारे में मामले का राष्ट्रीय महत्व क्या है? दवे ने कहा कि बुलडोजर राज्य की नीति का एक जरिया बन गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक खास समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। इसपर सॉलिसिटर जनरल एसजी मेहता ने कहा कि दवे तथ्यों पर बहस करें जिसका जवाब वे देंगे। गौरतलब है कि नगर निगम ने बुधवार को अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर उतार दिया था। तोड़फोड़ शुरू होने के कुछ ही देर बाद सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश देते हुए अतिक्रमण हटाने पर रोक लगा दी थी।

# बारामुला मुठभेड़ में तीन विदेशी आतंकी सहित पांच ढेर, मुठभेड़ जारी



जम्मू / यूटर्नः कश्मीर संभाग के बारामुला में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच वीरवार तड़के मुठभेड़ जारी है। इसमें अभी तक तीन जवान और एक नागरिक घायल हो गए हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। दोनों ओर से फायरिंग जारी है। इसी बीच लश्कर-ए-तैयबा के 12 लाख रुपये का इनामी आतंकी दुर्दांत आतंकी युसूफ कांतरु सहित कुल पांच आतंकी मुठभेड़ में मारे गए। इनमें तीन विदेशी आतंकियों सहित दो स्थानीय आतंकी शामिल हैं।


एलईटी का मारा गया आतंकी कांतरु बीते माह बड़गाम में एक पुलिस एसपीओ और उसके भाई की हत्या में भी शामिल था। फिलहाल अभी तक पांच आतंकियों को ढेर कर दिया गया है लेकिन अधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि होना अभी बाकी है। जानकारी के अनुसार, उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिला के मालवा इलाके में गत देर रात सुरक्षाबलों और स्थानीय पुलिस को आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली। इसके तुरंत बाद देर रात शुरू किए गए तलाशी अभियान के दौरान एक जगह छिपे आतंकियों ने अंधेरे का लाभ उठाते हुए सुरक्षाबलों पर अचानक फायरिंग करना शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए आतंकियों के छिपने वाले ठिकाने पर फायरिंग की। दोनों ओर से जारी फायरिंग के दौरान अभी तक तीन जवान और एक नागरिक घायल हो गए हैं। सुरक्षाबलों को अब तक कुल पांच आतंकियों को मार गिराने में सफलता मिली है। अभी भी मुठभेड़ स्थल पर आतंकियों की ओर से फायरिंग जारी है। कश्मीर के आइजी विजय कुमार ने बताया कि बारामुला के मालवा इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। उन्होंने माना कि दोनों ओर से जारी फायरिंग में तीन जवानों और एक नागरिक को मामूली चोटें आई हैं। उनका अस्पताल में इलाज जारी है। जल्द ही आतंकियों का खात्मा कर दिया जाएगा। अन्य विवरण प्रतीक्षारत हैं। यहां यह बता दें कि आगामी बाबा अमरनाथ यात्रा को मद्देनजर रखते हुए कुछ दिन पहले ही आतंकियों ने यात्रा में खलल डालने की धमकी दी थी। हालांकि देश-विदेश से लाखों की तादाद में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश भर में सुरक्षा के बेहतर प्रबंध किए गए हैं।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले चार युवक दबोचे गए

लखनऊ / यूटर्नः यूपीएसटीएफ ने पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के निजी सचिव व उसके गिरोह द्वारा बेरोजगार युवकों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह बेरोजगार युवकों को चिन्हित कर उन्हें अपना निशाना बनाता था। गिरफ्तार आरोपियों के नाम अरमान खान, असगर अली, मोहम्मद फैजी, विशाल गुप्ता और अमित राव बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एसटीएफ को सात मोबाइल फोन, 57 चेक हस्ताक्षर किए हुए बरामद हुए हैं। इसके अलावा, एसटीएफ को उनके पास से पांच कूट रचित आईडी कार्ड, 22 नियुक्त पत्र व विभिन्न पदों के लिए 14 व्यक्तियों के शैक्षिक प्रमाण पत्र, एक्सयूवी 700 और बिना हस्ताक्षर किए हुए दो सचिवालय पास बरामद हुए हैं।




# रूसी सेना का मारियुपोल पर कब्जा



कीव/मॉस्को। यूक्रेन युद्ध को 56 दिन हो चुके हैं। इसी बीच रूसी सेना ने यूक्रेन के सबसे बड़े बंदरगाह शहर मारियुपोल पर भी कब्जा कर लिया है। राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने मारियुपोल शहर पर जीत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमने शहर को आजाद कर दिया है। न्यूज एजेंसी AFP ने रूस के रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि सिर्फ अजोवस्टल प्लांट को छोड़कर पूरे मारियुपोल पर रूसी सेना ने कब्जा कर लिया है। जंग शुरू होने के बाद से रूसी सेना ने मारियुपोल को 90% तक तबाह कर दिया है। उधर, रूसी सेना ने हमले तेज कर दिए हैं। बुधवार को एक ही दिन में यूक्रेन पर 1100 हमले किए गए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने पूर्वी यूक्रेन के डोनबास में भाड़े के 20 हजार सैनिक तैनात किए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस लगातार रूस से युद्ध को रोकने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने एक बार फिर रूसी राष्ट्रपति से अनुरोध किया है वो युद्ध खत्म करने के लिए उनसे आमने-सामने बैठकर बात करें।

# अखिलेश को हमसे कोई दिक्कत है तो पार्टी से बाहर कर दें: शिवपाल यादव



लखनऊ / यूटर्नः समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के विधायक शिवपाल सिंह यादव के बीच जारी जंग अब सार्वजनिक हो गई है। अखिलेश यादव ने बुधवार को शिवपाल सिंह यादव पर आरोप लगाया था कि वह भाजपा के संपर्क में हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आरोप पर शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को पलटवार किया है। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि अगर उनको लगता है कि भाजपा से मेरे संपर्क हैं तो मुझे पार्टी से निकाल दें। वह समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हैं और मैं तो पार्टी का विधायक हूं। शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को एक निजी चैनल से बातचीत में कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीते दिनों से कहा कि मेरे भाजपा से संपर्क हैं। अगर उनको लगता है कि भाजपा से मेरे संपर्क हैं तो मुझे विधानमंडल दल से निकाल क्यों नहीं देते हैं। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि मैं समाजवादी पार्टी के 111 विधायकों में से एक हूं। उनको तो मुझे समाजवादी पार्टी से निकालने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगर उनको हमसे कोई भी दिक्कत है तो हमको पार्टी से बाहर कर दें। शिवपाल यादव ने इसके साथ ही सुहेलदेव भारतीय समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर से बात होने को सिरे से खारिज कर दिया है। ओमप्रकाश राजभर के दावे पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर जी से मेरी बात नहीं हुई है। हो सकता है वह मेरे ही नाम के किसी और आदमी से बात कर रहे हो। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि मैं तो आजम खां साहब से लगातार संपर्क में हूं। सीतापुर जेल में उनकी तबीयत बहुत खराब है। जल्दी ही सीतापुर जेल जाकर आजम खां साहब से मुलाकात के लिए फिर जाऊंगा।

# पालघर के केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से व्यक्ति की मौत



पालघर / यूटर्नः महाराष्ट्र के पालघर के तारापुर औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। ताजा मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। आग की सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए थे आग बुझाने का कार्य जारी है। फोटो से आग की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पूरे आसमान में काला धुआं फैल गया है। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आसमान में काले धुएं का गुबार फैलता ही जा रहा है जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। घटनास्थल पर दमकल के कई वाहन, घायलों के लिए एंबुलेंस और लोगों की मदद के लिए पुलिसकर्मी मौजूद हैं। हालांकि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। लेकिन अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये आग ज्वलनशील केमिकल की वजह से फैली होगी।

केमिकल फैक्ट्री में लगी इस आग से काफी ज्यादा नुकसान की आशंका है। आग पर काबू पाने के लिए फोम का प्रयोग किया जा रहा है। आग इतनी भयावह है कि इसे बुझाने में कई घंटो का समय लग सकता है। मुंबई के खार वेस्ट इलाके में सुबह 11 बजे भीषण आग लगने की खबर मिली है। आग नाथन विला बिल्डिंग की चौथी मंजिल में लगी है।

# धनबाद में अवैध कोयला खनन के दौरान जमीन धंसने से 12 मजदूरों के दबे होने की आशंका



धनबाद / यूटर्नः झारखंड के धनबाद स्थित डूमरजोड क्षेत्र में अवैध कोयला खनन के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि अवैध उत्खनन के दौरान जमीन 50 फीट धंस गई, जिसमें दर्जनों मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार जिस समय यह घटना हुई, उस समय कोयले के खान में अवैध खनन चल रहा था। बता दें कि इस साल फरवरी में, धनबाद में एक अवैध कोयला खदान ढह गई थी, जिसमें दो दर्जन से अधिक श्रमिकों की मौत हो गई थी। अवैध रूप से संचालित की जा रही सील की गई कोयला खदान एक खनन उपकरण के 20 फीट की ऊंचाई से गिरने के बाद धंस गई।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma